# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.09.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. असम में पहली बांस आधारित जैव रिफाइनरी का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया उद्घाटन।
2. गृहमंत्री अमित शाह ने कहा– हिन्दी और भारतीय भाषाएं बने डिजिटल युग की शक्ति।
3. अंडमान निकोबार प्रशासन हिन्दी को प्रोत्साहित करने के लिए आज से हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन कर रहा है।
4. स्टीववर्टगंज ग्राम पंचायत में के वाई सी एवं जन सुरक्षा अभियान शिविर का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उत्तर–पूर्वी राज्यों के दौरे के दूसरे दिन कहा कि भारत ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के मिशन पर है। प्रधानमंत्री ने आज दोपहर असम के गोलाघाट ज़िले में भारत की पहली बांस–आधारित जैव–रिफाइनरी का उद्घाटन किया। जैव इथेनॉल संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपने गहरे जल ऊर्जा संसाधनों का दोहन करेगा और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को मज़बूत करेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में शीर्ष पाँच देशों में शामिल है। उन्होंने रिफाइनरी में एक पॉलीप्रोपाइलीन इकाई की आधारशिला भी रखी। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने दरंग ज़िले में दरंग मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और जी.एन.एम स्कूल की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नदी पर गुवाहाटी के नारेंगी और दरंग के कुरुवा को जोड़ने वाले एक नए पुल के निर्माण और गुवाहाटी रिंगरोड परियोजना का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर, गुजरात के गांधीनगर में आयोजित हिंदी दिवस और पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में हिंदी को सरल बनाने और क्षेत्रीय भाषाओं के साथ इसके सह–अस्तित्व को प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने लोगों से मातृभाषा का सम्मान करते हुए हिंदी को अपनाने का आग्रह किया। श्री शाह ने बताया कि केंद्र सरकार ने हिंदी के प्रसार के लिए 'सारथी मंच' और 'हिंदी शब्द

सिंधु कोश' की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि दो हजार उनतीस तक हिंदी शब्द सिंधु कोश दुनिया का सबसे बड़ा विश्वकोश बन जाएगा उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, न्याय और पुलिस के क्षेत्रों में हिंदी के उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही अभिभावकों से घर पर मातृभाषा के उपयोग की अपील करते हुए कहा कि अनुसंधान में सफलता मातृभाषा में सोचने से ही संभव है। गृह मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हिंदी देश की भाषाओं और बोलियों के बीच सेतु का कार्य करती है, और सरकार भारतीय भाषाओं को डिजिटल युग के अनुरूप विकसित कर रही है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन में राजभाषा सचिव ऋचा ने अपने संदेश में कहा कि 14 से 28 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी शासकीय कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रशासनिक कार्यों में अधिक से अधिक हिन्दी के उपयोग के साथ–साथ विद्यार्थियों, कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए विविध प्रतियोगिताएँ और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हिन्दी पखवाड़े का उद्देश्य राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देना तथा डिजिटल युग में हिन्दी को तकनीकी रूप से सक्षम भाषा के रूप में स्थापित करना है। उल्लेखनीय है कि अंडमान द्वीपसमूह में हिन्दी ऐतिहासिक रूप से संपर्क भाषा और सांस्कृतिक एकता का माध्यम रही है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला के प्राचीर से, वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी में और अधिक सुधारों की घोषणा की थी। इस महीने की तीन तारीख को जीएसटी परिषद ने आम लोगों के जीवन–यापन को बेहतर बनाने के लिए कई क्षेत्रों के लिए करों में कटौती की थी।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों में व्यापक कटौती की घोषणा की है, जिससे देशभर के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में ट्रैक्टर, ट्रक और बसों पर जीएसटी दरें घटाई गई हैं। ट्रैक्टर पर अब केवल पांच प्रतिशत, जबकि ट्रकों और बसों पर अटठाईस प्रतिशत से घटाकर अटठारह प्रतिशत जीएसटी कर दिया गया है। खाद्य प्रसंस्करण में दूध और पनीर पर जीएसटी शून्य, जबकि मक्खन, घी और दूध के डिब्बों पर बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। वस्त्र और फुटवियर में मानव निर्मित रेशों और ढाई हजार रूपए तक के वस्त्र–फुटवियर पर

जीएसटी अब केवल पांच प्रतिशत रहेगा। निर्माण क्षेत्र को राहत देते हुए सीमेंट पर जीएसटी अटठाईस प्रतिशत से घटाकर अटठारह प्रतिशत किया गया है, जिससे आवास की लागत घटेगी। कृषि–आधारित उत्पादों जैसे बांस फर्श और चावल भूसी बोर्ड पर जीएसटी अब पांच प्रतिशत होगी। सरकार का कहना है कि इन सुधारों से स्थानीय विनिर्माण, रोजगार और महिला व ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही महंगाई पर भी नियंत्रण रहेगा।

<><><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक और केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय बैंकर समिति द्वारा फरारगंज ब्लॉक की सभी बैंक शाखाओं को सम्मिलित करते हुए स्टीवर्टगंज ग्राम पंचायत में पुनः–केवाईसी एवं जन सुरक्षा अभियान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर बी आई कोलकाता के क्षेत्रीय निदेशक श्री सुधांशु प्रसाद मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने सभी बैंकों को एक सप्ताह के भीतर पुनः–केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए और साइबर सुरक्षा व वित्तीय समावेशन पर बल दिया। शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

हिंदी दिवस के अवसर पर भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, अंडमान निकोबार क्षेत्रीय केंद्र में हिंदी पखवाड़ा समारोह का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन हिंदी भाषा को भारत की राजभाषा के रूप में अपनाने की स्मृति में मनाया गया, जिसका उद्देश्य देश की विविध भाषाओं में एकता और समरसता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय प्रभारी प्रमुख डॉ. सुदीप्त कुमार दास ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यालयी कार्यों के साथ–साथ दैनिक जीवन में हिंदी के प्रयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। वनस्पतिशास्त्री एवं हिंदी अधिकारी डॉ. पंकज अरविंद ढोले, ने कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह जी का राष्ट्र के नाम संदेश प्रस्तुत किया, जिसमें हिंदी के प्रचार–प्रसार पर बल दिया गया।

<><><><><><><>